यूपी के पूर्व डीजीपी को बनाया गया यूपीसीए का निदेशक

चर्चा में क्यों?

3 मई, 2023 को यूपी के पूर्व डॉयरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) देवेंद्र सिंह चौहान को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (UPCA) के डायरेक्टर पैनल में शामिल किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- लखनऊ के एक निजी होटल में यूपीसीए के अध्यक्ष निधिपति सिंघानिया की ऑनलाइन अध्यक्षता में हुई बैठक में यूपीसीए के 12 निदेशकों की सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया।
- विदित है कि यूपीसीए में पहली बार किसी प्रशासनिक अधिकारी को शामिल किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि राजीव शुक्ला के इस्तीफे के बाद से यह पद खाली चल रहा था। अभी तक यूपीसीए के निदेशकों की सूची में 12 लोग कार्यरत थे लेकिन, अब देवेंद्र सिंह चौहान के जुड़ने से निदेशकों की संख्या 13 हो गई है।
- यूपीसीए के 12 निदेशकों में अध्यक्ष निधिपति सिंघानिया, अभिषेक सिंघानिया, युद्धवीर सिंह, रियासत अली, ताहिर हसन, अशोक चतुर्वेदी, प्रेम मनोहर गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, श्याम बाबू, जावेद अख्तर, विजय गुप्ता और गजेंद्रनाथ तिवारी शामिल हैं।
- इसके अलावा आगामी सत्र में यूपीसीए के उत्थान को लेकर भी चर्चा की गई।
- लखनऊ में यूपीसीए की बैठक में देर रात तक यूपी में अंतर्राष्ट्रीय मैच कराने को लेकर मंथन चला। कई पदाधिकारियों ने यूपी में ज्यादा से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच कराने पर ज़ोर दिया। कई ने कानपुर के ग्रीनपार्क क्रिकेट स्टेडियम में भी मैच कराने का प्रस्ताव रखा है।
- उल्लेखनीय है कि मूल रूप से मैनपुरी के निवासी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान का जन्म 20 मार्च, 1963 को महाराष्ट्र के सतारा में हुआ था। उनके पिता शिवराम सिंह चौहान सतारा सैनिक स्कूल में शिक्षक थे। डॉ. चौहान एमबीबीएस हैं तथा 1988 बैच के आइपीएस हैं। वे 15 फरवरी 2020 से डीजी इंटेलिजेंस के पद पर तैनात थे। और मई 2022 में उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी बने।
- देवेंद्र सिंह चौहान 31 मार्च, 2023 को ये अपने पद से रिटायर हो गए।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/former-up-dgp-made-director-of-upca